सीएसआईआर- केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान)

सं.SO/E-III/Misc./2020-कोविड   दिनांक: 01.06.2021

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय:- त्रि - स्तरीय जन अनुशासन मोड़ीफाइड लॉक डाउन दिशा-निर्देश।
संदर्भ: 1 राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.7(1)गृह-7/2021 दिनांक 31.05.2021
2 सीएसआईआर - सीरी का समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 31.05.2021

उपर्युक्त संदर्भित सीएसआईआर - सीरी के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 31.05.2021 के अधिक्रमण (supersession) में तथा राजस्थान सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश दिनांक 31.05.2021 की अनुपालना व संस्थान के कॉलोनी परिसर में कोरोना संक्रमित मामलों की संख्या के मद्देनजर निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने निर्णय लिया है कि संस्थान दिनांक 02.06.2021 से प्रात: 9:30 से साय 4:00 बजे तक निम्न शर्तों व सावधानियों के साथ खोला जाएगा :

1. दिनांक 02.06.21 से प्रात: 9:30 बजे से साँय 4:00 बजे तक सभी अनुभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष/ समूह प्रमुख संस्थान में उपस्थित रहेंगे।
2. सभी अनुभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष/ समूह प्रमुख अपने दैनिक कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए व कोरोना प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कम से कम स्टाफ को कार्यालय मे बुलाएंगे, यह संख्या उनके यहाँ बैठने की संख्या की 25 % तक होगी तथा दिनांक 07.06.21 से यह संख्या 50 % तक सीमित होगी।
3. containment zone से किसी कर्मचारी / अधिकारी को नहीं बुलाया जाएगा।
4. आवश्यक सेवाएं पूर्व की भांति यथावत जारी रहेंगी।
5. अन्य शहरों से आने वाले प्रत्येक कर्मचारी / अधिकारी को संस्थान के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टि करनी होगी। कॉलोनी परिसर में लंबे समय से कोविड एक्टिव केसों की संख्या को देखते हुए जमीनी स्तर पर कोरोना संक्रामण को रोकने हेतु इन सभी कर्मचारियों / अधिकारियों (जो कि कॉलोनी के आवास में निवास कर रहें है) को 10 दिन के लिए अपने-अपने आवास पर home isolation में रहना होगा। इस अवधि के लिए उन्हे नियमानुसार देय अवधि के लिए अवकाश आवेदन करना होगा ।
6. संस्थान परिसर में सभी कर्मचारी / अधिकारी अनिवार्य रूप से मास्क पहनेंगे तथा 2 गज की दूरी की अनुपालना करेंगे।
7. कॉलोनी परिसर में राजस्थान सरकार द्वारा जारी मोड़ीफाइड लॉक डाउन की सभी शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

महेंद्र सिंह 01/06/2021
(महेंद्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:-

1. संयुक्त सचिव (प्रशा.), सीएसआईआर, अनुसंधान भवन , 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली ।
2. निदेशक/प्रशासनिक अधिकारी के निजी सचिव ।
3. सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमुखों को ई-मेल के माध्यम से।
4. सुरक्षा अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी 3. आवासीय चिकित्सा अधिकारी, सीरी डिस्पेंसरी।
5. संस्थान के सभी सूचना पट्ट एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स।
6. प्रभारी, एनएमसी - इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे सभी की सूचनार्थ संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर दें।
7. संबंधित फाइल।